
सोमवार
18 मार्च 2024



पृष्ठ 4
क्रोनिक पेन न करें नजरअंदाज, जानें इसके कारण और यह शरीर में कहां-कहां होता है?



पृष्ठ 5
फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 से अलग हुई एक्ट्रेस निमृत कौर



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 51
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

लोहा गरम भले ही हो जाए पर हथौड़ा तो ठंडा रह कर ही काम कर सकता है।
— सरदार पटेल

# चुनाव आयोग का बड़ा एक्शनः उत्तराखंड सहित 6 राज्यों के गृह सचिवों को हटाने के आदेश

हमारे संवादाता

नई दिल्ली/देहरादून। चुनाव आयोग ने आम चुनाव के लिए पहला नोटिफिकेशन जारी करने से पहले आज बड़ी कार्रवाई की है। आयोग ने 6 राज्यों के गृह सचिव को हटाने का आदेश जारी किया है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के डीजीपी को भी हटाने का आदेश दिया गया है।

लोकसभा चुनावों की घोषणा होते ही चुनाव आयोग एक्शन के मोड में आ गया है। चुनाव आयोग द्वारा आज बड़ी कार्यवाही करते हुए उत्तराखण्ड सहित 6 राज्यों के गृह सचिवों को हटाने के आदेश जारी कर दिये है। जिन राज्यों में चुनाव आयोग द्वारा गृह सचिवों को हटाने के आदेश किये गये है उनमें गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल है। उत्तराखण्ड में गृह सचिव की जिम्मेदारी शैलेश बगौली निभा रही थे। साथ ही चुनाव आयोग द्वारा मिजोरम और हिमाचल प्रदेश में सामान्य प्रशासनिक विभाग के सचिव को भी हटा दिया गया है। इसके अतिरिक्त चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के पुलिस डीजीपी को भी हटाने के आदेश दिए गये है।




बता दें कि चुनाव आयोग द्वारा बीते शनिवार को देश भर में 2024 के लोकसभा चुनावों का बिगुल बजा दिया गया है। इसके साथ ही विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में करीब ढाई माह तक चलने वाले इस चुनावी महापर्व की शुरूआत हो चुकी है। लोकसभा की सभी 543 सीटों के लिए सात चरणों में चुनाव होगे। जिसमें पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को, दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को, तीसरे चरण का 7 मई को, चौथे चरण का 13 मई को, पांचवे चरण का 20 मई को, छठे चरण का 25 मई को और सातवें चरण का मतदान 1 जून का होगा। जिसके नतीजे 4 जून को आयेगें। इस दौरान लोकसभा चुनाव के साथ आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरूणाचल प्रदेश और सिक्कम के विधानसभा के चुनावों का एलान भी किया गया है। जो कि पहले, चौथे, छठवें और सातवें चरण में कराये जायेंगे। उत्तराखण्ड की पांचों सीटों में प्रथम चरण यानि 19 अप्रैल को लोकसभा चुनावों के लिए वोट डाले जायेगें।

# चुनावी महासमरः पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने चंबा में निकाला फ्लैग मार्च

हमारे संवाददाता

टिहरी। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने तथा आमजनमानस को अधिक से अधिक संख्या में मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से आज टिहरी पुलिस,पैरामिलिट्री फोर्स एवम पीएसी के जवानों द्वारा कस्बा चंबा फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु, निर्भीक होकर, बिना किसी दबाव के , बिना किसी लालच के, अधिक से अधि क संख्या में मतदान करने की भी अपील की गयी। फ्लैग मार्च के माध्यम से आम जनता को निष्पक्ष मतदान करने के लिए आश्वस्त किया गया, वहीं दूसरी ओर असामाजिक व अराजक तत्वों को सख्त



हिदायत दी गयी कि चुनाव के दौरान यदि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी/कानून व्यवस्था प्रभावित करने के प्रयास किए जाएंगे तो ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर से कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

फ्लैग मार्च के माध्यम से आम जनता को निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान करने के लिए आश्वस्त किया गया।

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# एसबीआई 21 मार्च तक इलेक्टोरल बॉन्ड डेटा की पूरी जानकारी देः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक को 21 मार्च तक सभी चुनावी बांड विवरणों का खुलासा करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत ने चुनावी बांड मामले में अपने फैसले में बैंक से बांड के सभी विवरण का खुलासा करने को कहा था और उसे अगले आदेश की प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए।



पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। निर्वाचन आयोग ने 17 मार्च को चुनावी बांड पर सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री से डिजीटल रूप में प्राप्त डेटा को अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 6,986.5 करोड़ की अधिकतम धनराशि प्राप्त हुई। पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (1,397 करोड़), कांग्रेस ( 1,334 करोड़) की अधिकतम धनराशि प्राप्त हुई। भारत राष्ट्र समिति ( 1,322 करोड़) की की अधिकतम धनराशि प्राप्त हुई।

# मेरे लिए हर मां, बेटी 'शक्ति' का रूपः पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तेलंगाना में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वो भारत मां के पुजारी हैं।

उन्होंने रैली में आई हुई महिलाओं से कहा कि आप शक्ति स्वरूपा और सभी माता और बेटियों के वो पुजारी हैं। उन्होंने कहा कि बीते रविवार को शिवाजी पार्क में इंडिया गठबंधन ने अपने घोषणापत्र में शक्ति को खत्म करने के लिए काम किया है। इसके साथ पीएम मोदी ने कहा कि वो इसे चुनौती के रूप में ले रहे हैं। शक्ति स्वरूपा माताओं और बहनों के लिए जान की बाजी लगा देंगे। उन्होंने ये कहा कि भारत की धरती पर कोई शक्ति की विनाश की बात कर सकता है



क्या? क्या आपको शक्ति का विनाश मंजूर है और हम तो शक्ति की अराधना करते हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने ये भी बताया कि चंद्रयान की सफल लैंडिंग भी जिस जगह हुई, उसे भी शिव शक्ति का नाम देकर शक्ति स्वरूपा को समर्पित किया है। इंडिया गठबंधन शक्ति के विनाश की बात कर रहे हैं और पीएम मोदी ने रैली में आईं माताओं और बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप उनके लिए शक्ति स्वरूपा हैं। उन्होंने सबसे पूछा कि क्या शक्ति के विनाश करने वालों का विनाश होना चाहिए, इसके साथ ही उन्होंने ये भी कह दिया कि देश की सभी माताओं और बहनों की रक्षा करना ही उनका लक्ष्य है।

राहुल गांधी ने रविवार को शिवाजी पार्क में अपने वक्तव में कहा, षहिंदू ध र्म में शक्ति शब्द का इस्तेमाल होता है, कांग्रेस नेता ने कहा कि हम सब इस शक्ति से लड़ रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि वो एक शक्ति से लड़ रहे हैं और सवाल करते हुए पूछा कि वो शक्ति क्या है आप सबको मालूम है। राजा की आत्मा ईवीएम में है और ये सही है, राजा की आत्मा ईवीएम में है और ईडी, आईटी में है, सीबीआई में है और भारत की सभी संस्थाओं में है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# इलेक्टोरल बांड को लेकर सियासी पारा हाई

इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर इन दिनों सियासी पारा हाई हो रखा है। दरअसल लोकसभा चुनाव 2024 से पहले राजनीतिक दलों को दिए गए चंदे को लेकर जानकारियां सार्वजनिक की जा रही हैं। इसको लेकर देश की सर्वोच्च अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट भी सख्त नजर आ रहा है। इस बीच राजनीतिक दलों की ओर से चुनावी बॉन्ड को लेकर अजीब जवाब सामने आ रहे हैं। बता दे कि हाल हाल में ही चुनाव आयोग ने अलग-अलग राजनीतिक दलों की ओर से चुनावी बॉन्ड को लेकर दिए गए बंद लिफाफों को सार्वजनिक किया गया। इसमें पॉलिटिकल पार्टी ने कितना चंदा लिया है इसकी अहम जानकारी भी सामने आई। हालांकि राजनीति दलों की ओर से इन जानकारियों से जुड़े जवाब हैरान करने वाले थे। राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव आयोग को देनदारों के नाम नहीं बताने या फिर छिपाने के चक्कर में अजीब जवाब दिए गए हैं। कुछ राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव आयोग को बताया गया कि हमें नहीं पता कौन हमारे ऑफिस में आया और करोड़ों रुपए के बॉन्ड देकर चला गया। बीते लोकसभा चुनाव के दौरान आए चुनावी बॉन्ड को लेकर इन राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव आयोग को जो जानकारी दी गयी है वह बेहद चौंकाने वाली है। इन राजनीतिक दलों के मुताबिक उनको दान देने वाला कोई अनजान शख्स था। एक राजनीतिक दल के सुप्रीमो का कहना है कि किसी ने उनके दफ्तर में आकर सीलबंद चुनावी बॉन्ड रख दिए, यह किसने दिया इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होने कहा कि जुलाई 2018 व मई 2019 के बीच उनकी पार्टी को चुनावी बॉन्ड के जरिए 75 करोड़ रुपए का दान दिया गया था। वहीं दूसरे राजनीतिक दल के प्रमुख ने भी चुनावी बॉन्ड को लेकर अजीब सा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2019 में 13 करोड़ में से 3 करोड़ रुपए के दानदाताओं के नाम तो हमें पता हैं, लेकिन 10 करोड़ रुपए कौन आकर दफ्तर में रख गया इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। इन बातों से समझ में आता है कि इन इलेक्टोरल बांड को लेकर राजनीतिक हल्कों में हलचल का माहौल बना हुआ है। वहीं देश की जनता को भी इन इलेक्टोरल बांड के बारे में जानकारियां उपलब्ध हो रही है।

# 200 से अधिक योग साधकों ने 108 सूर्य नमस्कार साधना शिविर में प्रतिभाग किया

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। ओएनजीसी मैदान आंबेडकर स्टेडियम कौलागढ़ रोड राजेंद्रनगर देहरादून में 200 से भी अधिक योग साधकों ने 108 सूर्य नमस्कार साधना शिविर में प्रतिभाग किया। शिविर का सुभारंभ टपकेश्वर महादेव मंदिर के महंत 108 कृष्णा गिरी महाराज, दून योग पीठ के संस्थापक योगाचार्य डा0 बिपिन जोशी और उत्तराखंड सरकार में राज्य मंत्री कैलाश पंत और अष्टांग योग और कल्याण केन्द्र के संस्थापक योगाचार्य विक्रम ने दीप प्रज्ज्वलित कर संयुक्त रूप से किया।



श्रीमती संजना प्रधान ने गणेश वंदना की सुमधुर प्रस्तुति दी। महंत कृष्णा गिरी ने नियमित रूप से योग अभ्यास करने का आह्वान किया साथ ही रोगों के रोकथाम में योग और प्राणायाम को रामबाण औषधि बताया।

उत्तराखंड सरकार में राज्यमंत्री कैलाश पंत ने सूर्य नमस्कार को योग का सार बताते हुवे नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करने का आह्वान किया।

दून योग पीठ देहरादून के संस्थापक योगाचार्य डॉ. बिपिन जोशी ने अष्टांग योग एवं कल्याण केन्द्र को सफल कार्यक्रम की बधाई देते हुए देवभूमि उत्तराखंड को वैलनेस का हब बनाने में जन जन से सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा उत्तराखंड के गावों को योग और आयुर्वेद ग्राम के रूप मे विकसित कर राज्य से पलायन रोका जा सकता है साथ ही रिवर्ष पलायन भी हो सकता है। स्थानीय लोगों को रोजगार और सम्पूर्ण विश्व को स्वास्थ्य मिल सकता है।

कार्यक्रम के संयोजक अष्टांग योग एवं कल्याण केन्द्र के संस्थापक योगाचार्य विक्रम ने सभी अतिथियों को पौंधे भेंट कर स्वागत अभिनन्दन किया। योग के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहें पतंजलि योगपीठ, दून योगपीठ, अष्टांग योग एवं कल्याण केन्द्र, सहित देहरादून में अपना योग केन्द्र चलाने वाले विभिन्न योग केन्द्रों के लगभग 50 शिक्षक शिक्षिकाओं को मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कैलाश पंत, विशिष्ट अतिथि योगाचार्य डा. बिपिन जोशी और कार्यक्रम संयोजक योगाचार्य विक्रम ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन निधि अग्रवाल ने किया। अष्टांग योग और वैलनेस की हेड फैकल्टी वंशिका गोयल, राजेश गोयल, अनु गोयल आदि का विशेष सहयोग रहा। विदित रहे अष्टांग योग और वेलनेस सेंटर में नियमित रूप से 150 से भी अधिक योग साधक योग अभ्यास के साथ साथ योग और आर्युवेद थेरेपी का लाभ लेकर स्वस्थ्य हो रहे हैं। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए।

# शक्ति केंद्र सिंगुणी में भाजपाईयों की बैठक आयोजित

बरनीगाड़ (उत्तरकाशी)। पुरोला विधानसभा के बरनीगाड मंडल के शक्ति केंद्र सिंगुणी की शक्ति केंद्र बैठक में लोकेंद्र सिंह बिष्ट, प्रभारी पुरोला विधानसभा बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए। बैठक में मंडल अध्यक्ष दिनेश नौटियाल, महामंत्री जगमोहन रावत, मंडल प्रभारी कमला राणा, महिला मोर्चा की किरण रावत, जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष धरदास, शक्तिकेंद्र संयोजक विक्रम सिंह, चौन सिंह सदस्य जिला कार्यसमिति, जयबीर राणा मंडल उपाध्यक्ष के साथ शक्ति केंद सिंगुणी के 4 बूथ जिनमें सिंगुणी के बूथ अध्यक्ष विजयपाल सिंह, पिफियारा के बूथ अध्यक्ष मनबीर सिंह, बिजुरी के बूथ अध्यक्ष राधेश्याम, भौंती के बूथ अध्यक्ष प्रदीप नेगी, राजबीर सिंह पन्ना प्रमुख, सुनील सिंह पन्ना प्रमुख सहित 100 कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

बैठक में अब की बार 400 पार एक बार फिर मोदी सरकार के मंत्र के साथ बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र को लेकर कार्यकर्ताओं को जन जन तक संपर्क करने के सतह साथ मोदी जी और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को साथ लेकर बूथ बूथ तक पहुंचने के लिए पुरोला विधानसभा के प्रभारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट ने कार्यकर्ताओं से अपील की।

# आर्थिक सहायता के लिए 3 माह से भटक रहा आंखों से दिव्यांग व्यक्ति

संवाददाता

देहरादून। आर्थिक सहायता के लिए तीन माह से भटक रहे आंखों से दिव्यांग व्यक्ति ने जिलाधिकारी कार्यालय से लेकर मुख्यमंत्री तक गुहार लगायी लेकिन उसकी कहीं सुनवायी नहीं हुई।

मिली जानकारी के अनुसार सीताराम मन्दिर खुडबुडा मौहल्ला निवासी आंखों से दिव्यांग राजेन्द्र कुमार आर्थिक सहायता के लिए दर-दर भटक रहा है। उसने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहित जिलाधिकारी को भी पत्र भेजा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व सचिव मुख्यमंत्री को भी प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह आंखों से दिव्यांग है तथा वह मजदूरी दिहाडी कर अपना जीवन निर्वाह पूर्ण रूप से करने में असमर्थ है। उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उसको मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता प्रदान की जाये। जिसपर संज्ञान लेते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजी शरण शर्मा के द्वारा सचिव मुख्यमंत्री को 30 दिसम्बर को पत्र भी भेजा गया था। लेकिन तीन माह बीत जाने के बाद भी इस दिव्यांग को कहीं से कोई सहायता प्रदान नहीं हो पायी।

# भाजपा को हराने का सीटू ने लिया संकल्प

संवाददाता

देहरादून। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) के पदाधिकारियों ने बैठक कर भाजपा को हराने का संकल्प लिया।



आज यहां सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) की आम बैठक कांवली रोड स्थित लाल झंडा कार्यालय के सभागार में सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता कामरेड कृष्ण गुनियाल ने कि बैठक का संचालन जिला महामंत्री लेखराज ने किया। इस अवसर पर सीटू महामंत्री लेखराज ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा 2020 में जब पूरी दुनियां में करोना से त्राहि त्राहि मची थी उस समय महामारी को अवसर में बदलते हुए 44 श्रम कानूनों में से 29 प्रभावशाली श्रम कानूनों के स्थान पर 4 श्रम संहितायें कारपोरेट के पक्ष में बनाई गई जिसे संसद में बिना किसी चर्चा के पास कर दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी, आशा वर्कर्स, भोजन माताओ ने मानदेय बढ़ाने हेतु आंदोलन किये किन्तु डबल इंजन की धामी सरकार द्वारा इस सम्बंध में कोई भी मांग पूरी नहीं की गई जिससे इनमें सरकार के प्रति अविश्वस पैदा हो गया है जिससे उन्होंने भाजपा को वोट न देने का संकल्प लिया है और इन चुनावों में भाजपा को सबक सिखाने का मन बनाया है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा रेहडी पटरी व्यवसायियों का उत्पीड़न उन्हें याद है ई रिक्शा चालकों के उत्पीड़न का सवाल हो चाहे 26 हजार न्यूनतम वेतन के सवालों को मजदूर नही भूलेगा ये सब मुद्दों पर वोटिंग होगी। इस अवसर पर सीटू के प्रांतीय महामंत्री एम.पी जखमोला ने कहा कि कारोना काल के समय मजदूरों की दुर्गति हुई थी वे भूखे पेट हजारों हजार किलोमीटर पैदल चले थे वे अपने घायल पैरों को नही भूलेंगे और मोदी को सबक सिखाएंगे। उन्होंने कहा कि सीटू राज्य कमेटी अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी करेंगे और अपना पक्ष मजदूरों के समक्ष रखेंगे। इस अवसर पर सभी यूनियनों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में चुनाव में भाजपा को हराने का काम करेंगे। इस अवसर पर सीटू के जिलाध्यक्ष कृष्ण गुनियाल, रविन्द्र नौढियाल , राम सिंह भंडारी, भगवंत पयाल, शिवा दुबे, सुनीता रावत, रजनी रावत, मोनिका, लक्ष्मी नारायण, तिलक राज, बुद्धि सिंह चौहान, भगवान सिंह चौहान, गंभीर सिंह पंवार, नरेंद्र सिंह, बलदेव टम्टा, मनिंदर सिंह बिष्ट, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, बिजेन्दर कनोजिया आदि ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधि शामिल थे।

# एक किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने एक किलो गांजे के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरू कालोनी थाना पुलिस ने गीतांजलि एन्क्लेव सीवर प्लांट के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से एक किलो 154 ग्राम गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मेजर पुत्र मठीनाथ निवासी सपेरा बस्ती भानियावाला बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

ग्रन्थिं न वि ष्य ग्रथितं पुनान ऋजुं च गातुं वृजिनं च सोम।
अत्यो न क्रदो हरिरा सृजानो मर्यो देव धन्व पस्त्यावान्।।
(ऋग्वेद ९-९७-१८)

हे सोम ! मैं वासनाओं के बंधनों में जकड़ा हुआ हूं मुझे तुम इनसे मुक्ति दिला दो। एक-एक करके मेरे बंधनों की गाठों को तुम खोल दो, जिससे कि मैं सबल और क्रियाशील बनकर जीवन के सीधे सरल मार्ग पर अग्रसर हो सकूं।

# अचानक से बहुत ज्यादा ठंड लगना नॉर्मल नहीं, हो सकता है इस बीमारी का लक्षण

अगर अचानक से बहुत ज्यादा ठंड लगने लगे तो इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि यह हाइपोथर्मिया का लक्षण भी हो सकता है। यह एक इमरजेंसी मेडिकल कंडीशन होती है। जब शरीर का तापमान अचानक से गिरने लगता है और शरीर ठंडा पड़ने लगता है तब यह समस्या होती है। इस स्थिति में बॉडी टेंपरेचर 95 फॉरेनहाइट के नीचे चला जाता है।

मायोक्लोनिक की रिपोर्ट के अनुसार, शरीर का सामान्य से ज्यादा तापमान गिरना कई अंगों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इससे हार्ट और नर्वस सिस्टम सही तरह काम नहीं कर पाते हैं। अगर सही समय पर हाइपोथर्मिया का इलाज न हो तो हार्ट फेल होने और जान जाने का जोखिम हो सकता है। इस बीमारी का सबसे ज्यादा खतरा ठंडे मौसम में रहता है। आइए जानते हैं इसके लक्षण और बचाव के बारें में।

हाइपोथर्मिया क्या होता है

हाइपोथर्मिया शरीर के तापमान को कम होने की कंडीशन है। दरअसल, हमारे शरीर का एक सामान्य होता है, जो उम्र, लिंग और हेल्थ कंडीशन पर निर्भर करता है। शरीर का सामान्य तापमान 98.6 डिग्री फारेनहाइट से 100.4 डिग्री फारेनहाइट तक माना जाता है। इस तापमान को कुछ हार्मोन कंट्रोल करते हैं लेकिन जब शरीर का तापमान सामान्य से कम होने लगता है तो ऐसी स्थिति हाइपोथर्मिया कहलाती है।

हाइपोथर्मिया के क्या लक्षण हैं

* बहुत ज्यादा कंपन और थकान
* सांस लेने में दिक्कत
* बोलने में परेशानी होना
* मानसिक क्षमता प्रभावित होना
* याददाश्त कमजोर होने लगना
* हाथ-पैरों में सुन्नपन महसूस होना

हाइपोथर्मिया से किन लोगों को ज्यादा खतरा

हाइपोथर्मिया एक ऐसी कंडीशन है जो किसी को भी हो सकती है लेकिन नवजात शिशु, बढ़ती उम्र या किसी हार्मोनल समस्या के मरीज को इससे सबसे ज्यादा खतरा होता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इन लोगों में सामान्य शारीरिक तापमान बनाए रखने की क्षमता बेहद कम होती है। अगर कोई डिप्रेशन और साइकोटिक दवाईयों का सेवन कर रहा है तो उनमें यह समस्या देखने को मिल सकती है।(आरएनएस)

# सिर्फ पांच फीसदी वजन घटाया तो कम हो जाएगा इन बीमारियों का खतरा

पिछले कुछ दशकों में बढ़ता वजन यानी मोटापा एक महामारी की तरह फैला है। बदला हुआ लाइफस्टाइल और फिजिकल एक्टिविटीज की कमी के चलते ज्यादातर लोग वजन पर काबू नहीं कर पाते और वेट गेन होने लगता है। देखा जाए तो वेट गेन ऐसी मेडिकल कंडीशन है जो शरीर को कई तरह की बीमारियों का घर बना देती है। मोटापे की रोकथाम और जनता को इस संबंध में जागरुक करने के लिए आज दुनिया भर में वर्ल्ड ओबेसिटी डे मनाया जा रहा है।

मोटापे को लेकर क्या कहती है रिसर्च

हाल ही में की गई एक रिसर्च कहती है कि विश्व में हर आठवां व्यक्ति मोटापे का शिकार है। ऐसे में अगर हम अपना वजन घटाने के लिए जागरुक होते हैं तो कई बीमारियों का रिस्क कम हो सकता है। चलिए जानते हैं कि अगर हम पांच फीसदी वजन भी घटाने में कामयाब होते हैं तो किन बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।

वजन घटाने पर इन बीमारियों का रिस्क होगा कम

तेजी से बढ़ता वजन ना केवल व्यक्ति की फिजिटल फिटनेस पर बुरा असर डालता है बल्कि इससे कई बड़ी बीमारियां शरीर पर हमला कर सकती हैं। आपको बता दें कि मोटापा हाई बीपी, हाई कोलेस्ट्रॉल का कारण बनता है जिससे व्यक्ति हार्ट डिजीज, डायबिटीज, फैटी लिवर, कैंसर, स्ट्रेस, एंजाइटी, पित्ताशय की डिजीज और स्ट्रोक जैसी जानलेवा बीमारा कि शिकार हो सकता है।

ऐसे में अगर आपको इन बीमारियों का रिस्क कम करना है तो आपको आज से ही अपने वजन पर कंट्रोल करना शुरू कर देना चाहिए। यकीन मानिए कि अगर आप अपना पांच फीसदी वजन भी कम करेंगे तो हार्ट डिजीज, डायबिटीज, स्ट्रोक और फैटी लिवर जैसी बीमारियों का रिस्क खुद ब खुद कम हो जाएगा। मोटापा दरअसल हाई कोलेस्ट्रॉल बनाता है जिसकी वजह से ये बीमारियां जल्द अटैक करती हैं।

कैसे कम करें मोटापा

लाइफस्टाइल में बदलाव करने के साथ साथ फिजिकल एक्टिविटीज बढ़ाकर आप अपने बढ़ते वजन पर कंट्रोल कर सकते हैं। अपनी डाइट में फाइबर को शामिल करें। ताजे फल और सब्जियों का ज्यादा सेवन करें। फास्ट और प्रिजरवेटिव फूड को अपनी डाइट से निकाल फैंके। चावल, चीनी, मैदा आदि से दूरी बनाकर रखें। अपने भोजन में कम तेल का प्रयोग करके भी आप वजन घटा सकते हैं। नियमित तौर पर एक्सरसाइज की आदत डालें। जिम जाने की बजाय आप वॉकिंग,ब्रिस्क वॉकिंग, रनिंग, साइकिलिंग, रस्सी कूद या फिर सीढि?ों का प्रयोग करके भी अपना वजन कम कर सकते हैं। (आरएनएस)

# सुपर फूड्स जो मुंहासों को रोकने में करते हैं मदद।।।!



त्वचा पर मुंहासे की समस्या होना आम बात है। लेकिन गर्मियों में ये समस्या अधिक बढ़ जाती है। मुंहासों को रोकने के लिए आप घर में बने कई फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा आपका खान-पान भी हेल्दी होना चाहिए। आइए जानें कौन से फूड्स मुंहासों को रोकने में मदद करते हैं।

पानी-पानी आपके शरीर के आंतरिक हिस्सों में पोषक तत्व और ऑक्सीजन पहुंचाता है। ये अंगों को पोषित और मजबूत बनाता है। नियमित रूप से पानी पीना मुंहासे से लड़ने में मदद करता है।

जैतून का तेल-जैतून का तेल लोशन रोमछिद्रों को बंद किए बिना त्वचा में अब्सॉर्ब हो जाता है। इससे मुंहासों को रोकने में मदद मिल सकती है।

नींबू-नींबू का रस एसिड वेस्ट को खत्म करके और साइट्रिक एसिड से लीवर को साफ करता है और रक्त के टॉक्सिन्स को खत्म करने के लिए एंजाइमों का निर्माण करने में मदद करता है। ये रोमछिद्रों को भी साफ करता है। ये आपकी त्वचा को तरोताजा और चमकदार बनाए रखने में मदद करता है।

तरबूज- त्वचा के दाग-धब्बों को दूर करने के लिए तरबूज बहुत फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन ए, बी और सी में जैसे पोषक तत्व होते हैं। ये त्वचा को ताजा, चमकदार और हाइड्रेटेड रखते हैं। ये मुंहासों से भी बचाता है। इससे मुंहासों के निशान हटाने में भी मदद मिल सकती है।

डेयरी प्रोडक्ट-स्वस्थ त्वचा के लिए संतुलित आहार खाना सबसे अच्छा तरीका है। कम फैट वाले डेयरी प्रोडक्ट में विटामिन ए होता है। ये स्वस्थ त्वचा के लिए सबसे जरूरी चीजों में से एक है।

रसबैरी-रसबैरी में विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर होते हैं। ये फाइटोकेमिकल्स से भी भरपूर होते हैं जो त्वचा की सुरक्षा करते हैं।

दही-दही में एंटीफंगल और जीवाणुरोधी गुण होते हैं, इसलिए ये त्वचा को साफ करने और बंद रोम छिद्रों को खोलने के लिए उपयोगी है। इससे मुहासों से छुटकारा मिलता है।

अखरोट-नियमित रूप से अखरोट खाने से त्वचा की कोमलता में सुधार होता है। अखरोट के तेल में लिनोलिक एसिड होता है, जो त्वचा की संरचना को बनाए रखने में मदद करता है। इसे वॉटरटाइट और हाइड्रेटेड रखता है।

सेलेनियम -डाइटरी सेलेनियम नट्स, अनाज आदि से मिलता है। कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि सेलेनियम का स्तर अधिक होने पर सूरज से त्वचा को होने वाले सनबर्न से भी फायदा मिलता हैं।

सेब-सेब में बहुत सारा पेक्टिन होता है और ये मुंहासों का दुश्मन है। सेब की ऊपरी सतह को भी खाना याद रखें क्योंकि पेक्टिन ज्यादातर उससे में होता है।

# बेड के नीचे ऐसे करें फ्लोर की सफाई, बिना बेड को हटाए ऐसे फ्लोर हो जाएगा साफ ?

घर के कुछ हिस्से ऐसे होते हैं, जहां रोज रोज सफाई करना बहुत मुश्किल होता है। इन्हीं जगहों में से एक जगह है बेड के नीचे की जगह। रोजाना बेड के आसपास के फर्श की सफाई तो बड़ी आसानी से हो जाती है लेकिन बेड के नीचे के फर्श को सफाई करना थोड़ा मुश्किल होता है। अब रोज रोज तो बेड को हटाकर फर्श की सफाई करी नहीं जा सकती है। ऐसे में कुछ तरीकों से आप बेड के नीचे की सफाई बड़ी ही आसानी से कर सकते हैं।

बेड के नीचे की गंदगी को साफ करने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

झाड़ु में बांधे लंबी डंडी

बेड के नीचे अगर झाड़ू से सफाई करी जाती है तो झाड़ू सिर्फ बेड के आधे हिस्से तक ही पहुंचती है। ऐसे में झाड़ू को लंबा करने के लिए आप झाड़ू में एक लंबी डंडी बांध लीजिए। इससे बहुत ही आसानी से झाड़ू बेड के कोनो तक भी पहुंच जाएगी।

वैक्यूम क्लीनर का करें इस्तेमाल

अगर आपके घर में वैक्यूम क्लीनर है तो आप वैक्यूम क्लीनर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। वैक्यूम क्लीनर की नली को लंबा करने के लिए आप एक लंबे पाइप का इस्तेमाल करें, जिससे कोने तक वैक्यूम क्लीनर आसानी से सफाई कर सकें।

फ्लोर को करें ऐसे साफ

बेड के नीचे के फ्लोर को साफ करने के लिए सबसे पहले एक बाल्टी में गर्म पानी लें। गर्म पानी में थोड़ा सा लिक्विड सोप या डिटर्जेंट डालें। साथ में थोड़ा सा विनेगर भी गर्म पानी में डालें। इस मिश्रण से फर्श को साफ करने से गंदगी के साथ साथ बदबू भी निकल जाएगी। फर्श को साफ करने के लिए पोछे के कपड़े को एक लंबे डंडे पर लपेट लें। इसे पानी में भिगोकर बेड के नीचे की सफाई करें।(आरएनएस)

# ऑनलाइन डेटिंग करते समय रखें इन बातों का ध्यान




कोरोना के बढ़ते प्रसार के कारण देश लॉकडाउन का सामना कर रहा है। इस वजह से लोगों के पास अपने घर हैं। घरों में बंद रहने से लोग बोर हो गए हैं। कुछ युवा ऑनलाइन डेटिंग की ओर रुख कर रहे हैं। लेकिन यह ऑनलाइन डेटिंग कितनी सुरक्षित है। यह भी जानें कि रास्ते को आसान बनाने में मदद के लिए क्या देखना है और क्या करना है।

अपनी तस्वीरें साझा न करें- जब आप डेटिंग के माध्यम से किसी से जुड़ते हैं, तो आप उनके साथ खुलकर चैट करते हैं। हम अपने नंबर साझा करते हैं। ऐसे समय में आप उस अजनबी के साथ होते हैं

ध्यान रखें कि आप अपनी तस्वीरें शेयर न करें। अजनबी भी उन तस्वीरों का गलत इस्तेमाल कर सकता है।

अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें - ऑनलाइन डेटिंग करते समय, सावधान रहें कि अपनी कोई भी निजी जिंदगी उस अजनबी के साथ साझा न करें। यदि आप अपने निजी स्थान पर गलत व्यक्ति से संपर्क करते हैं, तो वह इसका दुरुपयोग कर सकता है और आपको परेशानी में डाल सकता है इसलिए इस दौरान सावधान रहें।

मिलने की जगह के बारे में सोचें- आप ऑनलाइन डेटिंग कर रहे हैं और अगर मिलना चाहते हैं तो लॉकडाउन के बाद कहां मिलना है, यह जरूर पता कर लें। अकेले में मिलने न जाएं।

वीडियो शेयर न करें- ऑनलाइन डेटिंग में लोग कुछ देर बाद अपने वीडियो शेयर करते हैं। ऐसा मत करो। वर्तमान में अच्छे वीडियो को भी खराब करने के लिए सॉफ्टवेयर है। इससे आपके वीडियो का दुरुपयोग हो सकता है। इसलिए वीडियो शेयर करते समय सामने वाले के बारे में सोचें।

# आयशा शर्मा ने शेयर कीं दिलकश तस्वीरें, व्हाइट टॉप और लाइट ब्लू डेनिम में ढा रहीं हुस्न का जलवा

बॉलीवुड अभिनेत्री आयशा शर्मा इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से धमाल मचा रही हैं। उन्होंने हाल ही में एक तस्वीर सीरीज़ साझा की है, जिसमें वह व्हाइट टॉप और लाइट ब्लू डेनिम में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। तस्वीरों में आयशा शर्मा खुले बालों और लाइट मेकअप के साथ नजर आ रही हैं। उनका पोज़ कॉन्फिडेंट और स्टाइलिश है, जिसने उनके फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है। आयशा शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी खूबसूरत तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। वह अपने फैशन सेंस और स्टाइल के लिए भी जानी जाती हैं।

सफेद रंग में आयशा शर्मा कमाल कर रही हैं। एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री और मॉडल आयशा शर्मा अपनी शानदार इंस्टाग्राम तस्वीरों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं।

एक हालिया पोस्ट में, वह एक सफेद बनियन और नीली डेनिम पहने हुए एक लापरवाह माहौल का अनुभव कर रही है, जबकि वह एक कुर्सी पर बैठी हुई है और उसके बाल खुले में लहरा रहे हैं। कैप्शन, एस्प्रेसो के ट्रिपल शॉट से भी अधिक मजबूत, छवि में मजबूती का स्पर्श जोड़ता है, और इसके प्रभाव को बढ़ाता है। इन मनमोहक छवियों का श्रेय लेरोफ़ोटो को जाता है, जिसमें मेकअप और हेयरस्टाइल प्रियंका चौरसिया ने कुशलता से किया है।

मनोरंजन उद्योग में आयशा शर्मा की यात्रा उनकी इंस्टाग्राम उपस्थिति जितनी ही प्रभावशाली है। हिंदी एक्शन थ्रिलर सत्यमेव जयते (2018) में अभिनय की शुरुआत करने से पहले उन्हें पहली बार आयुष्मान खुराना के संगीत वीडियो, इक वारी से पहचान मिली, जहां उन्होंने जॉन अब्राहम और मनोज बाजपेयी के साथ स्क्रीन साझा की। अपने अभिनय करियर से पहले, शर्मा ने एक मॉडल के रूप में शुरुआत की और लैक्मे, पेप्सी और कैंपस शूज़ जैसे प्रतिष्ठित ब्रांडों का चेहरा बनीं। उनका मॉडलिंग करियर 2016 में बढ़ गया जब उन्हें किंगफिशर कैलेंडर गर्ल्स में से एक के रूप में चित्रित किया गया, जिससे फैशन उद्योग में एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हो गई।

आयशा शर्मा की बहुमुखी प्रतिभा और मनमोहक उपस्थिति उन्हें मनोरंजन और फैशन दोनों ही दुनिया में अलग बनाए रखती है। (आरएनएस)

# हीरामंडी का गाना सकल बन गाना हुआ रिलीज, शाही अंदाज में नजर आई एक्ट्रेस

संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी वेब सीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। यह सीरीज लंबे समय से सुर्खियों में बनी हुई है। इस सीरीज के साथ ही भंसाली ओटीटी पर अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। भंसाली की जबरदस्त फिल्में देखने के बाद दर्शक उनकी पहली सीरीज की राह देख रहे हैं। कुछ दिनों पहले ही इस सीरीज का टीजर जारी किया गया था, जिसे लोगों ने काफी प्यार दिया था। अब इसके मेकर्स ने हीरामंडी का पहला गाना सकल बन जारी कर दिया है।

वेब सीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार का पहला गाना सकल बन आज 9 मार्च को जारी कर दिया गया है। गाने में देखा जा सकता है कि भव्य सेट के साथ शानदार कलाकारों की जोड़ी ने इस गाने में चार चांद लगा दिए हैं। इस पूरे सेट को गोल्डन रंग से सजाया गया है। वहीं, इसमें नजर आ रही एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी, संजीदा सेख और दिव्या दत्ता ने भी गोल्डन रंग के कपड़े पहने हैं। सभी नृत्य करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

बता दें कि इस गाने को अमीर खुसरो ने लिखा है और इसे राजा हसन ने अपनी आवाज में गाया है। ये गाना मंत्रमुग्ध कर देने वाला है। वीडियो को शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा, सौंदर्य, शक्ति और अनुग्रह के साथ खिलने वाले फूलों के मौसम का जश्न मनाने के लिए, वसंत ऋतु में कदम रखें। फैंस को भी यह सॉन्ग काफी पसंद आ रहा है। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, राजा हसन की आवाज में एक शास्त्रीय सॉन्ग एक राग है। हीरामंडी: द डायमंड बाजार में तीन या चार नहीं, बल्कि 6 से 7 गाने होंगे। ऐसे में यह भी बताया गया कि डायरेक्टर ने इस सीरीज के संगीत पर लगभग एक साल तक काम किया हैं, जो उनके दिल के बहुत करीब है। सभी एक्ट्रेस ने भी सीरीज के लिए डांस ट्रेनिंग ली, ताकि वह अपने किरदार में अच्छे से ढल सकें। संजय लीला भंसाली की हीरामंडी में अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल दिखाई देने वाली हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी, लेकिन अभी इसकी स्ट्रीमिंग डेट का एलान नहीं किया गया है। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपू□ व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकग□ो को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# क्रोनिक पेन न करें नजरअंदाज, जानें इसके कारण और यह शरीर में कहां-कहां होता है?





शरीर के किसी भी होने वाली पुरानी दर्द को क्रोनिक दर्द कहा जाता है। यह क्रोनिक दर्द कई गंभीर समस्याओं का कारण भी बन सकता है। आज बात करेंगे आखिर क्यों क्रोनिक पेन होता है? साथ ही यह भी जानने की कोशिश करेंगे कि शरीर के किस हिस्से में यह दर्द सबसे ज्यादा होता है। क्रोनिक दर्द कई बार इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि उसे कंट्रोल करना मुश्किल हो जाता है। अगर किसी चोट, बीमारी के बाद अगर दर्द काफी दिनों तक रहता है तो यह क्रोनिक दर्द का रूप ले लेती है।

कई बार यह दर्द 6 महीने से ज्यादा दिनों तक भी रह सकता है। यह दर्द शरीर के किसी भी पार्ट में हो सकता है। वहीं कई बार एक टाइम गैप पर शुरू होता है। कई बार यह दर्द लगातार कई दिनों तक रह सकता है। क्रोनिक दर्द एक गंभीर स्थिति है जिसे नजरअंदाज करना बेहद मुश्किल है। यह दर्द कई बार इतनी ज्यादा मुश्किलें पैदा करती है कि इसका सीधा असर काम और मेंटल हेल्थ पर पड़ता है।

शरीर के इन अंगों में लॉन्ग टर्म तक रहता है क्रोनिक दर्द

क्रोनिक दर्द काफी दिनों तक रहता है। यह शरीर के किसी भी हिस्से में शुरू हो सकता है। यह पूरे शरीर में या किसी एक पार्ट बॉडी में काफी दिनों तक रह सकता है। अक्सर यह पीठ के निचले हिस्से और रीढ़ की हड्डी में होता है। इसके अलावा शरीर के इन जगहों पर भी क्रोनिक दर्द हो सकता है जैसे- पीछ के अपर पार्ट में भी यह दर्द हो सकता है, पैर और कूल्हे में दर्द, गर्दन में दर्द, जोड़ों में दर्द या गठिया, सिरदर्द, पेट में दर्द, कलाई या पैर में दर्द। पुरानी चोट में दर्द,

क्रोनिक दर्द कई कारणों से हो सकते हैं

कैंसर या कैंसर ट्रीटमेंट सर्जरी के बाद यह दर्द शुरू हो सकते हैं।

रूमेटोइड गठिया और ऑस्टियोआर्थराइटिस जैसी परेशानी में क्रोनिक दर्द शुरू हो सकते हैं।

कोविड महामारी के कई मामले ऐसे देखें गए कि जिसमें क्रोनिक दर्द सीने में दर्द, सिरदर्द में शुरू हुआ।

दूसरी बीमारी की सर्जरी के बाद भी क्रोनिक पेन शुरू हो जाते हैं।(आरएनएस)

# जानकी बोदीवाला, डेंटिस्ट की पढ़ाई के बाद एक्टिंग को चुना करियर

अजय देवगन की फिल्म शैतान से जानकी बोदीवाला ने बॉलीवुड डेब्यू कर लिया है। जानकी बोदीवाला बॉलीवुड में डेब्यू से पहले गुजराती सिनेमा का जाना-माना नाम है। शैतान गुजराती फिल्म वश का रीमेक है। वश में जानकी बोदीवाला ने यही किरदार निभाया था, जो वह शैतान में निभा रही हैं।

अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका स्टारर मच अवेटिड शैतान शुक्रवार, 8 मार्च को सिनेमाघरों में आ गई है। इस फिल्म के साथ गुजराती एक्ट्रेस जानकी बोदीवाली ने भी बॉलीवुड में अपना पहला कदम रखा है।

शैतान की स्पेशल स्क्रीनिंग में जानकी बोदीवाला पिंक कलर की ग्लैमरस ड्रेस पहनकर पहुंची थीं। इस ड्रेस में वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उन्होंने पैपराजी को भी खूब पोज दिए। जानकी ने इस पिंक ड्रेस के साथ ब्लैक हाई हील्स पहनी थी। उन्होंने अपने बालों को खुला रखा हुआ था और लाइट मेकअप में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। बता दें कि शैतान गुजराती फिल्म वश का रीमेक है। वश में जानकी बोदीवाला ने यही किरदार निभाया था, जो वह शैतान में निभा रही हैं।

30 अक्टूबर 1995 को अहमदाबाद, गुजरात में जन्मी जानकी बोदीवाला एक शानदार एक्ट्रेस हैं। उन्हें गुजराती सिनेमा में छेलो दिवस- ए न्यू बिगिनिंग (2015), दौड़ पकड़ और वश (2023) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।

जानकी बोदीवाला ने अपनी स्कूली पढ़ाई के बाद गांधीनगर के गोयंका रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस में एडमिशन लिया। यहां उन्होंने बेचलर ऑफ डेंटल साइंस (क्षष्ठस्) की पढ़ाई शुरू की। ग्रेजुएशन के बाद जानकी ने अपने एक्टिंग के पैशन को फॉलो किया। उन्होंने डेंटिस्ट में अपना करियर बनाने की बजाय एक्टिंग को अपने करियर के रूप में चुना। उन्होंने 2019 में मिस इंडिया ब्यूटी पेजेंट में हिस्सा लिया। वह गुजरात की टॉप 3 फाइनलिस्ट में से एक रहीं। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -105

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 104 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

# यामी गौतम की आर्टिकल 370 का शानदार प्रदर्शन जारी

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य सुहास जंभाले के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल 370 का जलवा बॉक्स ऑफिस पर बरकरार है।इसमें यामी गौतम मुख्य भूमिका में हैं, जिन्होंने एक इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाया है। उन्होंने अपनी उम्दा अदाकारी से तमाम दर्शकों का दिल जीत लिया है।वीकेंड पर धूआंधार कमाई करने के बाद कामकाजी दिनों में भी यह फिल्म काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।आइए जानते हैं आर्टिकल 370 ने 13वें दिन कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार आर्टिकल 370 ने 1.60 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 55.95 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में भी इस फिल्म का खूब डंका बज रहा है। यह फिल्म अब तक 77.07 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है।टिकट खिड़की पर आर्टिकल 370 का सामना लापता लेडीज और तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया से हो रहा है।

आर्टिकल 370 के निर्देशन की कमान आदित्य सुहास जंभाले ने संभाली है और फिल्म का निर्माण यामी के पति और निर्देशन आदित्य धर ने किया है।

किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरसती नजर रही है।हर गुजरते दिन के साथ फिल्म की कमाई की रफ्तारी धीमी होती जा रही है।पिछले कुछ दिनों से इसकी दैनिक कमाई में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जो अब लाखों में सिमट गई है।अब लापता लेडीज की कमाई के छठे दिन के आंकड़े सामने आए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, लापता लेडीज ने अपनी रिलीज के छठे दिन यानी बुधवार को 50 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 5.45 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में यह फिल्म अब तक 7.49 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है।टिकट खिड़की पर लापता लेडीज का सामना यामी गौतम की आर्टिकल 370 और शाहिद कपूर-कृति सैनन की तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया से हो रहा है।

आमिर खान लापता लेडीज के निर्माता हैं। फिल्म में स्पर्श श्रीवास्तव, नितांशी गोयल, रवि किशन और प्रतिभा रांटा जैसे मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# विष्णु मांचू का फिल्म कन्नप्पा से नया लुक जारी

विष्णु मांचु-स्टारर कन्नप्पा के निर्माताओं ने फिल्म के फर्स्ट-लुक पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें विष्णु को भगवान शिव के सबसे बड़े भक्त के रूप में दिखाया गया है।

पोस्टर में विष्णु को अद्वितीय करिश्मा और तीव्रता के साथ भक्त कन्नप्पा के रूप में दिखाया गया है।

पोस्टर में, विष्णु झरने से निकलने के बाद धनुष और तीर के साथ खड़े हैं, अपने लक्ष्य पर अपनी शक्ति दिखाने के लिए तैयार हैं।

यह छवि भक्ति और दृढ़ संकल्प का संकेत देती है जो कन्नप्पा के चरित्र को परिभाषित करती है।




पोस्टर को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए, विष्णु ने लिखा- भगवान शिव के सबसे बड़े भक्त कन्नप्पा को चित्रित करने के लिए सम्मानित और विशेषाधिकार प्राप्त हूं। आज महाशिवरात्री पर, यहां आपका कन्नप्पा है।

मोहन बाबू, मोहनलाल, प्रभास, सरथ कुमार और ब्रह्मानंदम जैसे अभिनेताओं के साथ, टीम कन्नप्पा वर्तमान में 600 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय क्रू सदस्यों के साथ न्यूजीलैंड में अपने दूसरे शेड्यूल की शूटिंग कर रही है।

उसी के बारे में बात करते हुए, विष्णु ने साझा किया- कन्नप्पा समर्पण और जुनून से भरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। यह एक फिल्म होने से कहीं आगे जाती है। कन्नप्पा एक योद्धा की आत्मा की गहन खोज को उजागर करती है। मैं इसका खुलासा करते हुए रोमांचित हूं जब हम इस फिल्म को जीवंत कर रहे हैं तो जादू प्रकट हो गया है। महाशिवरात्रि पर पहली झलक दिखाने का निर्णय ऐसा लगता है जैसे भगवान शिव का आशीर्वाद हमारा मार्गदर्शन कर रहा है। फिल्म का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है।

# इंडो-वेस्टर्न आउटफिट में पलक तिवारी दिखीं बला की खूबसूरत

श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी दिन पर दिन और भी ज्यादा खूबसूरत होती जा रही हैं। वो हर बार अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर फैंस को इंप्रेस करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट इंडो-वेस्टर्न आउटफिट में फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस का कातिलाना लुक देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।

एक्ट्रेस पलक तिवारी हमेशा अपने हॉट एंड स्टनिंग लुक से सोशल मीडिया पर फैंस के बीच लाइमलाइट लूट लेती हैं।

वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। साथ ही फैंस उनकी तारीफ करते हुए भी नहीं थकते हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं पलक तिवारी ने रेड कलर का इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो किलर पोज देते हुए नजर आ रही हैं।

अभिनेत्री पलक तिवारी ने कानों में इयररिंग्स, हाथों में चूड़ी, हाई हील्स पहनकर और साथ ही ड्रेस के मैचिंग का दुपट्टा पहनकर अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

एक्ट्रेस पलक तिवारी अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने लुक्स के लिए जानी जाती हैं। हालांकि इन तस्वीरों को देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

पलक तिवारी ने सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। बता दें कि अब वो जल्दी ही द वर्जिन ट्री टाइटल से बन रही फिल्म में दिखाई देंगी।



एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। और आए दिन अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करती रहती हैं।

# फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 से अलग हुई एक्ट्रेस निमृत कौर

लव सेक्स और धोखा 2 में अभिनय करने वाली एक्ट्रेस निमृत कौर ने फिल्म से अपना हाथ खींच लिया है। ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि एक्ट्रेस ने यह कदम फिल्म की मांग वाले बोल्ड सीन के चलते लिया।

इंडस्ट्री के एक सूत्र ने कहा कि समय के साथ-साथ फिल्म की कहानी बोल्ड होती जा रही थी, जिससे एक्ट्रेस को यह किरदार निभाना पड़ा, लेकिन बाद में वह स्क्रिप्ट की मांग के साथ असहज महसूस कर रही थीं।

सूत्र ने कहा, फिल्म में बोल्ड सीन के चलते निमृत कौर ने लव सेक्स और धोखा 2 में अपनी भूमिका छोड़ दी है। टेलीविजन रियलिटी शो बिग बॉस में एकता कपूर ने फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर निमृत कौर को साइन किया था।

सूत्र ने आगे बताया, जैसे-जैसे फिल्म की जरूरतें बोल्ड और अधिक कामुक होती गईं, एक्ट्रेस को यह भूमिका छोड़नी पड़ी, क्योंकि वह अंतरंग दृश्य करने में सहज नहीं थीं।

फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में एक कामुक पोस्टर जारी किया था। यह डिजिटल दुनिया के आधुनिक युग में रिश्तों पर आधारित अपनी दिलचस्प कहानी की पहली झलक देता है।



यह फिल्म 2010 की स्लीपर हिट लव सेक्स और धोखा का सीक्वल है, यह खोसला का घोसला और ओए लकी लकी ओए के बाद दिबाकर की तीसरी निर्देशित फिल्म है।

लव सेक्स और धोखा 2 एकता कपूर और शोभा कपूर द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 19 अप्रैल को रिलीज होगी।

# एक साथ चुनाव, आम सहमति जरूरी

अजीत द्विवेदी

विपक्ष की लगभग सभी पार्टियों ने 'एक देश, एक चुनाव' के आइडिया का विरोध किया है। भाजपा और केंद्र सरकार के प्रति नरम रुख दिखाने वाली मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने केंद्र की बनाई रामनाथ कोविंद कमेटी को अपनी राय भेजी है, जिसमें पार्टी ने कहा है कि वह पूरे देश में सारे चुनाव एक साथ कराने के विचार का विरोध करती है। इससे पहले सभी विरोधी पार्टियों ने ऐसी ही राय कोविंद कमेटी को दी है।

चुनाव आयोग ने इसका समर्थन किया है और साथ ही सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने इसका समर्थन किया है। उसकी सहयोगी जनता दल यू ने कोविंद कमेटी से कहा है कि वह लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने के विचार से सहमत है लेकिन चाहती है कि स्थानीय निकायों के चुनाव अलग हों। मुद्दों के आधार पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को समर्थन देने वाली बीजू जनता दल ने भी इस विचार का समर्थन किया है।

कुल मिला कर इस मसले पर राजनीतिक दलों का वैसा ही विभाजन है, जैसा भारतीय राजनीति में दिख रहा है। भाजपा विरोधी पार्टियां इस विचार का विरोध कर रही हैं तो भाजपा और उसके साथ एनडीए में शामिल घटक दल इसका समर्थन कर रहे हैं। मुद्दों पर आधारित समर्थन देने वाली पार्टियां भी इस विचार से सहमत हैं। इस स्पष्ट विभाजन के बीच कहा जा रहा है कि रामनाथ कोविंद कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही है, जिसे जल्दी ही सरकार को सौंप दिया जाएगा। इस रिपोर्ट में कमेटी 'एक देश, एक चुनाव' शीर्षक से एक अलग खंड संविधान में जोडऩे की सिफारिश करने वाली है।

उस खंड में एक साझा मतदाता सूची के आधार पर देश के सारे चुनाव एक साथ कराने के नियम और कानून होंगे। ध्यान रहे कोविंद कमेटी में विपक्ष का कोई सदस्य नहीं है। कमेटी बनाते समय लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को इसका सदस्य बनाया गया था लेकिन उन्होंने कमेटी और इस विचार का विरोध करते हुए इस्तीफा दे दिया था। सो, बिना किसी विपक्षी सदस्य के और तमाम विपक्षी पार्टियों के विरोध के बीच कमेटी ने अपनी सिफारिश तैयार की है, जो अगले हफ्ते सरकार को सौंपे जाने की खबर है।

इस मामले में एक और दिलचस्प बात यह है कि रामनाथ कोविंद कमेटी ने 'एक देश, एक चुनाव' के आइडिया पर देश के लोगों की राय मांगी थी। कमेटी को सिर्फ 21 हजार लोगों ने अपनी राय भेजी। सोचें, 14० करोड़ की आबादी और करीब एक सौ करोड़ मतदाता वाले देश में सिर्फ 21 हजार लोगों ने कमेटी को अपनी राय भेजी, जिसमें से 81 फीसदी ने इस विचार का समर्थन किया। इसके बरक्स विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर देश के लोगों की राय मांगी थी तो करीब 5० लाख लोगों ने अपने सुझाव कमेटी को भेजे थे।

एक तरफ 5० लाख सुझाव और दूसरी ओर 21 हजार सुझाव! सवाल है कि क्या इस आधार पर तैयार रिपोर्ट को देश के आम मतदाताओं की सामूहिक सोच का प्रतिनिधित्व माना जा सकता है? इतने बड़े मसले पर फैसला करने या कोई भी राय बनाने के लिए क्या सरकार को और ज्यादा प्रयास करने की जरुरत नहीं है?

ध्यान रहे विपक्षी पार्टियां इस देश में ज्यादा मतदाताओं की राय का प्रतिनिधित्व करती हैं। अगर बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस जैसी पार्टियों को सरकार के साथ मान लें, तब भी 'एक देश, एक चुनाव' के विचार का विरोध करने वाली पार्टियां 5० फीसदी से ज्यादा वोट का प्रतिनिधित्व करती हैं। देश के बड़े राज्यों में इन पार्टियों की सरकार है।

दक्षिण के पांच राज्यों में से चार में सरकार चला रही पार्टियों ने इस विचार का विरोध किया है। दक्षिण में कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है, जबकि तमिलनाडु में डीएमके और केरल में लेफ्ट मोर्चे की सरकार है। कांग्रेस, डीएमके और लेफ्ट तीनों ने इस विचार का विरोध किया है। क्या दक्षिण के राज्यों के विरोध को पूरी तरह से दरकिनार करके सरकार पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का फैसला कर लेगी?

इसी तरह पश्चिम बंगाल में सरकार चला रही तृणमूल कांग्रेस ने इसका विरोध किया है तो झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी इस विचार का विरोध किया है। दिल्ली और पंजाब में सरकार चला रही आम आदमी पार्टी ने 'एक देश, एक चुनाव' के विचार पर आपत्ति जताई है। भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों के शासन वाले राज्यों की मुख्य विपक्षी पार्टियों ने इस विचार के विरोध में अपनी राय कोविंद कमेटी को भेजी है। कांग्रेस हो या डीएमके और तृणमूल कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी, राजद, जेएमएम या समाजवादी पार्टी हो सबने यह कहते हुए इस विचार का विरोध किया है कि यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

पार्टियों ने इसे संविधान द्वारा बनाए गए संघीय ढांचे के प्रतिकूल कहा है। हालांकि सरकार का तर्क है कि आजादी के बाद तीन लोकसभा चुनावों तक ऐसा होता रहा था। लेकिन सबको पता है कि 1967 में यह चक्र टूट गया और उसके बाद से देश की राजनीतिक परिस्थितियां बहुत बदल गई हैं। अब हालात 1952 या 1957 या 1962 वाले नहीं हैं। देश में बहुदलीय प्रणाली है, जिसके तहत बड़ी संख्या में पार्टियां चुनाव लड़ती हैं और समय के साथ हर राज्य की एक अनोखी सामाजिक व राजनीतिक व्यवस्था विकसित हुई है।

अगर इसमे एकरुपता लाने की कोशिश होती है तो उससे विविधता और बहुलता को भी नुकसान होगा और साथ ही संघवाद की धारणा भी प्रभावित होगी। पूरे देश में एक राष्ट्रीय नैरेटिव पर चुनाव कराना भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश के लिए ठीक नहीं है। अगर पहले तीन चुनाव में ऐसा हुआ है तो उसके 6० साल बाद जरूरी नहीं है कि उस व्यवस्था को लौटा लाया जाए।

सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि लोकतंत्र और चुनाव बगैर विपक्ष की भूमिका के संभव नहीं हैं। अगर सरकार चाहती है कि देश में लोकतंत्र का तमाशा नहीं बने और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव एक औपचारिकता बन कर न रह जाए, तो उसे विपक्ष को इस प्रक्रिया में शामिल करना होगा। भारत को जीवंत और जाग्रत लोकतंत्र बनाए रखने के लिए इसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाताओं को भी शामिल करना होगा।

मतदाताओं की व्यापक भागीदारी के बिना अगर सरकार अपनी मर्जी से एक देश, एक चुनाव के विचार को लागू करती है तो यह लोकतंत्र को कमजोर करने वाला होगा।

## सू- दोकू क्र.105

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**


1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.104 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## लव सेक्स और धोखा-2 का मोशन पोस्टर आउट, 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म

अपकमिंग ड्रामा फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है। जी हां! लेटेस्ट न्यू मोशन पोस्टर के साथ फिल्म मेकर्स ने फैंस को फिल्म की झलक के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है। फिल्म मेकर्स ने आज गुरुवार को अपनी फिल्म के मोशन पोस्टर को आउट कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि दिबाकर बनर्जी द्वारा निर्देशित एलएसडी-2 सिनेमाघरों में कब दस्तक देगी।



सोशल मीडिया पर न्यू मोशन पोस्टर शेयर कर फिल्म मेकर्स ने कैप्शन में लिखा आज लीप वर्ष का लीप दिवस है।।।आप तुरंत निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं! और लव सेक्स और धोखा -2 एलएसडी-2 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। बालाजी टेलीफिल्म्स और कल्ट मूवीज ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्टर किया है। फिल्म इसी साल 19 अप्रैल को रिलीज होने के लिए तैयार है। दिबाकर बनर्जी प्रोडक्शन की फिल्म को एकता कपूर और शोभा कपूर ने प्रोड्यूस किया है। वहीं, फिल्म का निर्देशन दिबाकर बनर्जी ने किया है। जानकारी के अनुसार लव सेक्स और धोखा 2 पहले 16 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। लव सेक्स और धोखा साल 2०1० में रिलीज हुई थी, जिसका निर्देशन दिबाकर ने किया था। फिल्म में एक्टर राजकुमार राव, नेहा चौहान के साथ ही अंशुमान झा और नुसरत भरुचा समेत अन्य एक्टर्स ने शानदार काम किया था। वहीं, निमृत कौर अहलूवालिया को सीक्वल के लिया सिलेक्ट किया गया है और वह फिल्म में लीड एक्ट्रेस का रोल प्ले करती नजर आएंगी।(आरएनएस)

## द रेलवे मैन ने बनी नेटफ्लिक्स की अब तक की सबसे सफल भारतीय सीरीज

यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) की पहली वेब सीरीज द रेलवे मैन ने दुनियाभर में अपना डंका बजाया और यह दर्शकों का दिल जीतने में सफल रही।भयावह भोपाल गैस त्रासदी को पर्दे पर दर्शाती यह सीरीज रिलीज के बाद से ही वाहवाही बटोर रही है और सितारों के प्रदर्शन को भी सराहा जा रहा है।अब इस सीरीज ने इतिहास रच दिया है और यह नेटफ्लिक्स की अब तक की सबसे सफल भारतीय सीरीज बनकर उभरी है।

सच्ची कहानी को पेश करती द रेलवे मैन ने 18 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर दस्तक दी थी। इसे दुनियाभर में काफी पसंद किया गया है तो यह अब 3 महीनों बाद भी दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है।दरअसल, सीरीज ने 3 महीनों से वैश्विक सूची में अपनी जगह बनाकर इतिहास रच दिया है। यह वैश्विक स्तर पर तीसरा स्थान हासिल करने के साथ ही भारत की नेटफ्लिक्स पर आई सबसे सफल सीरीज बन गई है।

नेटफ्लिक्स इंडिया की उपाध्यक्ष (कंटेंट) मोनिका शेरगिल ने खुशी जताते हुए कहा, यशराज फिल्म्स वर्षों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस कहानी के लिए नेटफ्लिक्स और वाईआरएफ साथ आए थे। रेलवे मेन ने देश में लगातार 1०० दिनों तक हमारी शीर्ष 1० सीरीज की सूची में अपनी जगह बनाई रखी है, जो किसी भी भारतीय सीरीज से ज्यादा है।मोनिका का कहना है कि नेटफ्लिक्स और वाईआरएफ साथ में अच्छी फिल्में और सीरीज बनाने के लिए उत्सुक हैं।

यशराज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी ने कहा कि वाईआरएफ और नेटफ्लिक्स इस उपलब्धि के बाद से काफी रोमांचित हैंवह कहते हैं, यह हमारे रचनात्मक सहयोग के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। यह उपलब्धि हमें कठिन लक्ष्य निर्धारित करने और साथ में मिलकर इतिहास रचने के लिए प्रेरित करती है।उनका कहना है कि सीरीज को देखकर दर्शकों की जो उनकी भावनात्मक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं, वो ही उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है।

द रेलवे मैन यशराज की पहली सीरीज है तो इसी के साथ शिव रवैल ने निर्देशन क्षेत्र में कदम रखा है।इस सीरीज में दिखाया गया है कि भोपाल की यूनियन कार्बाइड नामक कंपनी के कारखाने से कैसे जहरीली गैस का रिसाव हुआ था, जिसके बाद भारतीय रेलवे के कर्मचारी लोगों की जान बचाने के लिए आगे आए थे।सीरीज में के के मेनन, आर माधवन, जूही चावला, बाबिल खान और दिव्येंदु शर्मा मुख्य भूमिका में दिखाई दिए थे।

मध्य प्रदेश के भोपाल में 2 दिसंबर, 1984 की देर रात को लापरवाही के चलते यूनियन कार्बाइड कंपनी के कारखाने से जहरीली गैस निकली और हवा में घुल गई थी। इस जहरीली गैस के चलते ही 15 हजार से अधिक लोगों ने जान गंवाई थीं। (आरएनएस)

# पेट्रोल पम्प पर पैसा मांगने पर मारपीट करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। पेट्रोल पम्प में पेट्रोल डलवाकर पैसा मांगने पर कर्मचारियों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिमला बाईपास पित्थुवाला पेट्रोल पम्प के मालिक अमीष दुग्गल ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 16 मार्च 24 को शाम के लगभग 6 बजे दो लड़के जो कि एक बाईक पर थे और कहने लगे कि इस गाड़ी में तेल डाल दे तेल डालकर पैसे मांगने पर इन लोगो ने उनके कर्मचारी संजीव डोभाल के साथ गाली गलोच और हाथापाई शुरू कर दी। इन लोगों से बीच बचाव करने के लिए उसके अन्य कर्मचारी आये तो इन लोगों ने उन सभी पर वहीं पास में रखे ईंट पत्थर एवं गमले फेंकने लगे इनमें से एक व्यक्ति कह रहा था कि तुम लोग उसको जानते नहीं हो मेरा नाम भज्जी है और अभी कुछ दिन पहले ही जेल से आया हूँ। तुम सबको जान से मार दूंगा। इसकी सूचना उन्होंने 112 नम्बर पर की थी। मौके पर चीता पुलिस पहुँचने से पहले ये लोग पैट्रोल पम्प के कर्मचारीयों को गाली गलोच एवं जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये। उनके द्वारा मौके पर मोटर साइकिल को पकड़ लिया गया जिसे चीता पुलिस अपने साथ ले गई। पता करने पर भज्जी का नाम सोयब उर्फ भज्जी पुत्र शहजाद निवासी हज्जन कॉलोनी मेहूँवाला है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# जमीन के नाम पर 55 लाख की ठगी करने पर सात लोगों पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। जमीन के नाम पर 55 लाख रूपये की ठगी के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिव कालोनी स्मिथ नगर निवासी भारत भूषण कौल ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह 67 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक है। श्रीमती बसंती देवी पत्नी बन्नीराम, रमेश लाल पुत्र बन्नीराम, सुरजीत कुमार पुत्र बन्नीराम, उषा खरे पुत्री बन्नीराम, श्रीमती सोनिया पत्नी अनिल कुमार, श्रीमती लक्ष्मी व श्रीमती मीना ने सम्पत्ति राघव विहार प्रेमनगर देहरादून जिसका स्वामी व काबिज बताया तथा अपनी सम्पत्ति उसको विक्रय करने हेतु दिखाई जो कि उसको पंसद आ गयी। उसने इनसे उपरोक्त सम्पत्ति का 55 लाख रुपये में सौदा तय किया। 30 दिसम्बर 2021 को उसके द्वारा इनसे विक्रय अनुबन्ध पत्र तैयार किया जिसमे कि उनको 10 लाख रुपये चैक द्वारा तथा कुछ राशि नकद अदा की गयी शेष 45 लाख रुपये बैनामा करने के समय तय हुआ। उक्त सम्पत्ति का बैनामा 06 मई 2022 को उसके पक्ष में उक्त लोगों ने निष्पादित किया तथा शेष 45 लाख रुपये का भुगतान चैक से तथा कुछ नकद अदा किया गया। जिसके बाद अभी तक उसको सम्पत्ति का कब्जा नहीं दिया गया। जब वह उनसे कब्जे की बात करते हैं तो सभी उसके साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हैं। वह पुलिस के पास भी गया लेकिन उसकी कोई सुनवायी नहीं हुई।

# आंदोलनकारी संयुक्त परिषद ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। आज यहां उत्तराखंड आंदोलनकारी संयक्तु परिषद के कार्यकर्ताओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन हरिद्वार रोड पर किया गया। इस मौके पर परिषद के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे पर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। परिषद के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार ने कहा कि होली का पावन पर्व हमें भाईचारा सीखता है हमें एक दूसरे के पावन पर्व में शामिल होना चाहिए। परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल ने लोगों से अपील की वह गुलाल इत्यादि रंगों का उपयोग करें दूसरे रंगों का उपयोग करने से शरीर को नुकसान होना स्वाभाविक है। जबरदस्ती किसी पर रंग न लगाये शहर का माहौल शांत बनाए रखें वैसे भी देहरादून शहर एक शांति प्रिया क्षेत्र है। इस मौके पर परिषद के होली के गीत गाए गए रंग बरसे होली के दिन सब मिल जाते हैं, सात रंग खेली होली, आज ना खेलेंगे हम जोली खेलेंगे हम होली जैसे गीत गाए गए। इस मौके पर परिषद के संरक्षक नवनीत गोसाई, सुरेश कुमार, विपुल नौटियाल, लोक बहादुर थापा, चिंतन सकलानी, संजय मौर्य, प्रभात डंडरियाल, जगमोहन रावत, राजू थापा, मनीष भट्ट, राकेश भट्ट, बालेश बवानिया, सुशील विरमानी आदि मौजूद रही।

## चुनावी महासमरः पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स

पृष्ठ 1 का शेष

इस दौरान श्रीमती ओसिन जोशी, क्षेत्राधिकारी टिहरी, संदीप कुमार, उपजिलाधिकारी टिहरी, सी. ओ. आईटीबीपी, थानाध्यक्ष चंबा एल एस बुटोला एवम उ. नि. संजय मिश्रा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

# गौशाला में रखी थी शराब की पेटियां, एक गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़। अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी द्वारा पुलिस से बचने के लिए गौशाला में शराब छिपाई गयी थी।

जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना जाजरदेवल पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब का कारोबार कर रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान नैनी सैनी के पास कुम्डार रोड पर स्थित एक गौशाला में अवैध रूप से रखी हुई 6 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। साथ ही पुलिस ने मौके पर एक आरोपी राजेन्द्र सिंह पुत्र भवान सिंह निवासी कुम्डार रोड, कनारी पो. नैनी सैनी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध थाना जाजरदेवल में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# कांवडियों पर पथराव करने वाला 10 हजार का ईनामी 9 माह बाद गिरफ्तार



संवाददाता

देहरादून। कांवड मेले के दौरान कांवडियों पर पथराव कर क्षेत्र में बलवा फैलाने के आरोपी दस हजार के ईनामी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

आज यहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देशो पर संपूर्ण जनपद में ईनामी/वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सहसपुर पर गठित पुलिस टीम द्वारा चोई बस्ती रामपुर कला थाना सहसपुर से दंगा एवं बलवे में 09 माह से फरार चल रहे इनामी मोहम्मद आरिफ पुत्र अब्दुल रशीद को गिरफ्तार कर लिया। बलवा सहित विभिन्न धाराओं में नामजद मौहम्मद आरिफ कों न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# मोटरसाईकिल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने खुले स्थान से मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुंकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कांवली रोड निवासी अरूण खरबंदा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से हेरिटेज स्कूल गया था। उसने अपनी मोटरसाईकिल स्कूल के सामने खडी की थी लेकिन जब वह थोडी दूर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कांग्रेस प्रत्याशी गोदियाल ने किया जनसम्पर्क

हमारे संवाददाता

पौड़ी। पौड़ी लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने आज नारायबगड समेत थराली में जनसम्पर्क किया। गोदियाल के थराली पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों से उनका स्वागत किया।

थराली में जनसम्पर्क के बाद कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने देवाल पहुंच जनसम्पर्क और देवाल बाजार में जनसभा को सम्बोधित किया , कांग्रेस की जनसभा में 21 लोगो ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जनसभा को सम्बोधित करते हुए गोदियाल बीजेपी पर जमकर बरसे और महंगाई, बेरोजगारी समेत अग्निवीर



भर्ती पर मोदी सरकार को घेरा।

गणेश गोदियाल ने अंकिता हत्याकांड में दोषियों को बचाने का आरोप राज्य सरकार पर लगाते हुए कहा कि बीजेपी के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं और सरकार दोषियों को सजा दिलाने की बजाय दोषियों को बचा रही है। कांग्रेस के दिग्गजों के बीजेपी में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस से सिर्फ स्वार्थों के चलते कुछ नेता भाजपा में गए हैं।

पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता आज भी पार्टी के साथ खड़ा है। कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने कहा कि जनता बीजेपी के झूठे वादों से त्रस्त है और कांग्रेस महगांई, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जनता के बीच जाएगी।

# वर्क फोर होम का लालच देकर साढे छह लाख रूपये ठगे

संवादाता

देहरादून। वर्क फोर होम का लालच देकर साढे छह लाख रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ठाकुरपुर निवासी नितेश गुसांई ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 20 फरवरी 2024 को टेलीग्राम में उसको एक मैसेज प्राप्त हुआ था, जिसमें वर्क फोर होम के बारे में जानकारी दी गई. उसके बाद काव्या कृष्णा नाम की लडकी का उसको पुनः मैसेज प्राप्त हुआ। जिसमें उन्होंने अपने किल्यरट्रीप ट्रेवल्स कम्पनी के बारे में जानकारी दी गई एवं डेमो के लिए उसको एक टास्क दिया गया जिसमें कम्पनी की तरफ से 10 हजार रूपये बोनस मिला, जिसमें 30-30 के सैट की तीन बुकिंग करनी थी, उसके द्वारा वह टास्क को पूर्ण किया गया, जिसमें उसको उसके टास्क पूरे होने के बाद एकाउंट एडेट करने के लिए कहा गया, जिसमें एक घण्टे बाद टास्क पूर्ण करने की धनराशि एक हजार रूपये उसके अकाउंट में डाल दी गई. उसके बाद उसको अपने टेलीग्राम ग्रुप में जोडा गया, जिसमें 46 लोग थे. और ग्रुप में सभी लोग एमाउंट जमा करने व निकालने के स्क्रीन सॉट डाला करते थे. उसके द्वारा भी रजिस्ट्रेशन साइड में 03 मार्च 2024 को 10 हजार रूपये का इन्वेस्ट किया गया. उसके बाद जब उसके द्वारा अपना टास्क खत्म किया गया तो उसको एक घण्टे पश्चात 21236 रूपये उसके अकांउट में विड्राल किया गया, अगले दिन भी पुनः टास्क पूरा करने पर उसके अकांउट में 39737 रुपये प्राप्त हुए. अगले दिन जब उसके द्वारा टास्क किया गया तो उसमें कुछ स्टैन्डर्ड पैकेज प्राप्त हुए लेकिन विड्राल प्रक्रिया नहीं हुई. जिससे उसको कुछ गलत महसूस होने पर पता चला कि यह साईड और ग्रुप फर्जी है। जिसमें उससे टास्क को पूरा करने के लिए साढे छह लाख रूपये ठग लिये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## एक नजर

# भरभरा कर गिरी 5 मंजिला निर्माणाधीन इमारत

कोलकाता। दक्षिण कोलकाता के मेटियाब्रूज इलाके में सोमवार भोर के वक्त एक पांच मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढह गई। बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट कर जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि हजारी मोल्ला बागान, गार्डन रीच, मेटियाब्रुज, केएमसी वार्ड नंबर 134 में एक 5 मंजिला इमारत (अवैध रूप से निर्मित) ढह गई है। इस इलाके को कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम का गढ़ कहा जाता है। अधिकारी ने मुख्य सचिव, गृह सचिव और कोलकाता पुलिस आयुक्त से पश्चिम बंगाल राज्य आपदा प्रबंधन टीम को चल रहे बचाव और राहत अभियान में शामिल करने का आग्रह करते हुए पोस्ट किया। गार्डन रीच इलाके में रविवार रात इस निर्माणाधीन पांच मंजिला इमारत गिरने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भी मेटियाब्रूज में 5 मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढहने की जगह पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। डब्ल्यूबी फायर और आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस के अनुसार, 2 मौतों की सूचना मिली है और अभी तक 13 लोगों को बचाया गया है। अभी भी बचाव अभियान जारी है। कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपये और घायलों को एक लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।



# पहली बार डल झील के किनारे फॉर्मूला-4 कार रेसिंग का आयोजन

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर की घाटी में पहली बार फॉर्मूला-4 कार रेस शो आयोजित किया गया है। करीब 4 घंटे तक चली इस रेस शो में कई मशहूर फॉर्मूला 4 कार रेस ड्राइवर ने हिस्सा लिया और खेल प्रेमियों का मनोरंजन किया। इस दौरान जेके टायर मोटरस्पोर्ट्स की टीम ने स्टंट और ड्रिफ्टिंग का डेमो दिखाकर लोगों का उत्साह बढ़ाया। इस रेस का आयोजन रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बुलेवार्ड रोड के 1.7 किलोमीटर लम्बे ट्रैक पर किया गया। एक यूजर ने रेस का वीडियो शेयर करते हुए कहा- मेरा कश्मीर बदल रहा है - पीएम मोदी ने कश्मीर बदल दिया है! पहला फॉर्मूला 4 कार शो आज श्रीनगर की डल झील के तट पर आयोजित किया गया! इस पर पीएम मोदी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा- ये देखकर बहुत खुशी होती है। इससे जम्मू-कश्मीर की सुंदरता को और अधिक प्रदर्शित करने में मदद मिलेगी। भारत मोटरस्पोर्ट्स को फलने-फूलने के बेहतरीन अवसर प्रदान करता है और श्रीनगर उन स्थानों में शीर्ष पर है जहां ऐसा हो सकता है।



# बांके बिहारी मंदिर में हुई श्रद्धालुओं और सुरक्षाकर्मियों में मारपीट

मथुरा। मथुरा में श्री बांके बिहारी मंदिर में निजी सुरक्षाकर्मियों और श्रद्धालुओं के बीच हुई मारपीट और धक्का मुक्की का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसके बाद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। होली उत्सव के बीच इन दिनों कृष्ण नगरी मथुरा में जबरदस्त भीड़ उमड़ रही है। इस कड़ी में रविवार को भी यहां भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे, ऐसे में भक्तों की भीड़ को संभालने के लिए सुरक्षा कर्मियों को खासी मशक्कत करनी पड़ रही थी। खबर के मुताबिक बांके बिहारी मंदिर के गेट नंबर एक के पास सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं को आगे बढ़ाने के लिए आगे की ओर धकेल रहे थे, जिसे लेकर श्रद्धालुओं और सुरक्षाकर्मियों के बीच कहासुनी हो गयी है। बवाल इतना बढ़ गया कि लात-घूंसे तक चलने लगे। बाँके बिहारी मंदिर में हुई इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें धक्का मुक्की की तस्वीरें देखी जा सकती है। इस घटना के बाद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सुर्खियों में आ गई है। मथुरा के प्रसिद्ध ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में सुरक्षाकर्मियों और दर्शनार्थियों का ये पहला मामला नहीं है। यहां पर आए दिन इस तरह घटनाएं देखने को मिलती है। खासतौर पर भीड़ का दबाब बढ़ने पर सुरक्षा व्यवस्था ताश के पत्तों की तरह बिखर जाती है। ऐसे में आगामी होली के त्योहार पर सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। होली पर मथुरा में देश-विदेश से लाखों की श्रद्धालु पहुंचते हैं। मथुरा की होली देश-दुनिया में प्रसिद्ध हैं। इस बार भी बड़ी संख्या में भक्तों के आने की उम्मीद है।



# भण्डारी के जाने से चमोली में कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साहः माहरा




संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि विधायक राजेन्द्र भण्डारी के भाजपा में चले जाने से चमोली जनपद के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखायी दिया जो लोग घरों में बैठे थे वह घरों से बाहर निकल आये हैं।

आज यहां कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि लोकसभा से पहले कांग्रेस से जुड़े तमाम कार्यकर्ताओं, पूर्व विधायक और वर्तमान विधायक ने भाजपा का रुख किया है। बीते दिन बद्रीनाथ से विधायक राजेंद्र भंडारी ने भी कांग्रेस का साथ छोड़ दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ली। माहरा का कहना है कि ऐसे मौका परस्त लोगों के बीजेपी में चले जाने से कांग्रेस को फर्क नहीं पडता यह कांग्रेस के लिए शुभ संकेत हैं। हम दोबारा से पूरी मेहनत के साथ जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस को खड़ा करेंगे। माहरा ने कहा की राजेंद्र भंडारी के जाने के बाद पूरे चमोली जनपद में एक अलग सा उत्साह कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वो यह पूछ रहे हैं कि चमोली में 17 लोग करंट से मरे जोशीमठ बर्बाद हुआ, अंकिता को न्याय नही मिला, केदारनाथ में चोरी हुई उसपर जांच नही बैठी, उसके बाद भी भंडारी अपने आप को बचाने के लालच में भाजपा में गए, अब भंडारी के जाने के बाद जो घर बैठे कार्यकर्ता थे वो भी घर से बाहर निकले हैं जो उत्साह बढ़ाने वाला है। उन्होने कहा कि राजेन्द्र भण्डारी की पत्नी पर भाजपा ने कई आरोप लगाए थे। उन पर विजिलेंस जांच भी चल रही है। उन्होंने अपनी प्रतिष्ठा को बचाने के लिए ऐसा किया है। उनके ऊपर कई तरह के दबाव थे। उन्होने कहा कि भाजपा के मिशन लोटस में इसके कई उदाहरण हैं। अन्य जगहों पर भी ऐसे कई नेता थे जिन पर कई मुकदमे थे बाद में वह बीजेपी में चले गए।

उन्होंने तंज कसा कि 'बीजेपी की वॉशिंग मशीन में सब धुल-धुल कर पवित्र होने की कोशिश कर रहे हैं।

## 16 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ दो भाईयों सहित तीन गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

चमोली। आदर्श आचार संहिता लगने के साथ ही पहाड़ो पर शराब तस्करी के मामले बढ़ने लगे है। बीते रोज जनपद पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों 16 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ दो सगे भाईयों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं 5 लीटर कच्ची शराब सहित एक व्यक्ति को भी पकड़ा गया है।

जानकारी के अनुसार बीती रात चमोली एसओजी को सूचना मिली कि कुछ शराब तस्कर क्षेत्र में अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप सहित आने वाले हैं सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसओजी द्वारा बताये गये स्थान की घेराबंदी कर दो लोगों को 11 पेटी अंग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उन्होने अपना नाम पंकज सिंह नेगी पुत्र राय सिंह नेगी तथा दीपक सिंह नेगी पुत्र राय सिंह नेगी निवासी ग्राम बूरा पोस्ट बूरा तहसील व थाना नन्दानगर जनपद चमोली बताया। जिनके खिलाफ थाना नन्दानगर पर मुकदमा आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया है।

वहीं थाना नन्दानगर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक आरोपी रघुवीर सिंह पुत्र स्वर्गीय सुलभ सिंह निवासी घाट चमोली घाट क्षेत्र से पांच पेटी सोलमेट/मैकडॉवेल व्हिस्की अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। अवैध शराब पकड़े जाने के इस क्रम में कोतवाली चमोली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी ज्ञान सिंह पुत्र जमन सिंह निवासी ग्राम घुड़साल कोतवाली चमोली को ग्राम घुड़साल से 5 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके विरुद्ध कोतवाली चमोली पर मुकदमा आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

# कॉर्बेट पार्क होली पर रहेगा बंद, अलर्ट जारी

हमारे संवाददाता

नैनीताल। विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क होली के पर्व पर दो दिन बंद रहेगा। ऐसे में पार्क में दो दिन रात्रि विश्राम और एक दिन डे सफारी बंद रहेगी।

विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में हर वर्ष लाखों की तादात में पर्यटक वनों और वन्यजीवों के दीदार के लिए पहुंचते है और कॉर्बेट प्रशासन भी लगातार अपने पार्क के वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा में मुस्तैद रहता है, उसी को लेकर पार्क प्रशासन ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के पर्व पर अलर्ट जारी करने के साथ ही पार्क में 2 दिनों के लिए नाईट स्टे के साथ ही 25 मार्च को, होली के दिन डे सफारी को भी बंद किया गया है। जिससे वन कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाएगी।

बता दें कि होली समेत अन्य त्यौहारों पर शिकारी पार्क में घुसने की फिराक में रहते हैं। कॉर्बेट की यूपी से सटी सीमा सबसे अधिक संवेदनशील है। यहां आए दिन संदिग्ध लोगों के पार्क में घुसने की आशंका रहती है, कार्बेट पार्क में सुरक्षा की दृष्टि से यूपी से लगे सीमायें जो अतिसंवेदनशील क्षेत्र में है वहां ड्रोन व हाथियों से वन कर्मियों द्वारा लगातार गस्त कर पार्क में निगरानी की जा रही है। वही इस संबंध में जानकारी देते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक दिगंथ नायक ने बताया कि कॉर्बेट पार्क में होली के पर्व पर शिकारी सक्रिय हो जाते हैं, जिसको लेकर हमारे द्वारा वन कर्मियों की छुट्टी रद्द करने के साथ ही कॉर्बेट पार्क में 2 दिन के लिए नाइट सफारी बंद की गई है, उसके साथ ही 25 मार्च होली के दिन डे सफारी बंद की गयी है। सुरक्षा के मद्देनजर 24 और 25 मार्च को रात्रि विश्राम नहीं होगा। 25 मार्च को डे सफारी भी नहीं होगी और पूर्ण रूप से कॉर्बेट पार्क में पर्यटन गतिविधियां बंद रहेगी।

अलर्ट को देखते हुए वनकर्मियों की छुट्टियों को रद्द किया गया है।

## कार की चपेट में आकर स्कूटी सवार घायल

संवाददाता

देहरादून। कार की चपेट में आकर स्कूटी सवार के घायल होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएण्ड टी कालोनी चुक्खुवाला निवासी आशीष रमन ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह क्लेमनटाउन से अपने घर की तरफ स्कूटी से जा रहा था जब वह सत्या साई वाली गली के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही कार के चालक ने तेजी से चलाते हुए उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। कार चालक ने कार से उतरकर उसके साथ ही मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*